भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3193

जिसका उत्तर 12.03.2020 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्गों से जिलों को जोड़ना

3193. डॉ॰ (प्रो॰) महेन्द्र मुंजपराः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में राज्य-वार कितने जिलों को राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) से नहीं जोड़ा गया है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त जिलों को एनएच से जोड़ने के लिए एक योजना तैयार की है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग): सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों को जिला मुख्यालय से और सामरिक विचार से कुछ खंडों को संपर्क सुगम बनाने के लिए फरवरी, 2014 में 7,200 किमी लंबाई के राज्यीय राजमार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषणा के प्रस्ताव को अनुमोदित किया है।

तब से, राष्ट्रीय राजमार्गों को जिला मुख्यालय से संपर्कता प्रदान करने के लिए राज्यीय राजमार्गों की 11,870 किमी लंबाई को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषित किया गया है।

वर्तमान में, देश में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क से नहीं जुड़े जिलों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध** पर दिया गया है।

मंत्रालय समय-समय पर संपर्कता की आवश्यकता, पारस्परिक प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के आधार कुछ राज्यीय राजमार्गों को नए राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषणा पर विचार करता है।

अनुबंध

'राष्ट्रीय राजमार्गों से जिलों को जोड़ना' के संबंध में डॉ. (प्रो.) महेन्द्र मुंजपरा द्वारा दिनांक 12.03.2020 को पूछे गए लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 3193 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

वर्तमान में देश में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क से नहीं जुड़े जिलों का राज्य-वार ब्यौरा

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क से नहीं जुड़े जिलों की सं.**
1	अरुणाचल प्रदेश	4
2	असम	2
3	गुजरात	2
4	मध्य प्रदेश	6
5	मणिपुर	1
6	मेघालय	1
7	नगालैंड	1
8	ओडिशा	1
9	तेलंगाना	5
10	त्रिपुरा	1
11	उत्तर प्रदेश	2
12	पश्चिम बंगाल	2
13	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1
14	लक्षद्वीप	1
	जोड़	**30**

*****